# पूंजी सुरक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की : सीएम योगी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में निवेश पूरी तरह सुरक्षित और व्यवसाय के लिए लाभकारी है। निवेशकों के पूंजी की सुरक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि दुर्व्यवस्था थी। हर तीसरे दिन दंगा होता था। व्यापारियों को धमकाया और प्रताड़ित किया जाता था। एक-एक फाइल के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे।

हमने रिस्क लेकर रिफॉर्म किया। पॉलिसी बनाकर मजबूती से लागू किया, जिससे यूपी ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट बन चुका है। योगी बुधवार को अपने सरकारी आवास से प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट यूपी का औद्योगिक समूह है। प्रदेश पर से इनका विश्वास कम होने पर अन्य राज्यों में निवेश करना शुरु कर दिया था।



**सीएम योगी ने बुधवार को प्रयागराज के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण किया।** - सूचना विभाग

प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद इस समूह को तीन वर्ष यह समझने में लग गए कि सरकार की कथनी और करनी में कोई सच्चाई है कि नहीं। सरकार के कार्यों को देखकर समूह ने 1200 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

तीन प्लांट अलीगढ़, हमीरपुर और प्रयागराज में लगाए हैं। अब किसी औद्योगिक समूह को यूपी से पलायन करने को मजबूर नहीं होना पड़ता है। वर्ष 2016 में यूपी ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में 14वें स्थान पर था, आज देश में दूसरे स्थान पर है। इस अवसर पर मंत्री नंद कुमार गुप्ता 'नंदी', जसवंत सिंह सैनी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल सागर, जेके सीमेंट के वाइस प्रेसीडेंट निधिपति सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर रघवपति सिंघानिया, सीईओ माधव कृष्ण सिंघानिया, अरुण शर्मा, प्रयागराज से विधायक वाचस्पति, विनोद प्रजापति और अनुज खंडेलवाल उपस्थित रहे।

## कृषि क्षेत्र में सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया सहयोग करेगा। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में आए ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और कृषि व सहायक सेक्टर में निवेश पर चर्चा की। उच्चायुक्त ने सीएम से कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों के समृद्ध इतिहास को और मजबूत बनाने में यूपी बड़ी भूमिका निभा सकता है। यूपी में ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां इन संभावनाओं को विस्तार देने को उत्साहित हैं। ब्यूरो